स्टेशन पर महक रही टेराकोटा की खुशबू

वीआइपी गेट पर आकर्षित कर रहे हाथी और घोड़े

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : विश्व के सबसे लंबे प्लेटफार्म पर टेराकोटा की खुशबू महक रही है। वीआइपी गेट पर मिट्टी की कलाकृतियां (हाथी, घोड़े और खिलौने आदि) गुजरने वाले लोगों को बरबस अपनी तरफ आकर्षित कर रहे हैं। उन्हें देख लोगों के कदम ठिठक जा रहे और बिना निहारे आगे नहीं बढ़ रहे हैं।

पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन ने मुख्यालय स्टेशन गोरखपुर के एसी लाउंज स्थित वीआइपी गेट पर शीशे के शो-केस में टेराकोटा (मिट्टी की कलाकृतियां) लगाई हैं। शो-केस में पूर्वांचल की परंपराओं और संस्कृतियों को उकेरती तरह-तरह की कलाकृतियां सजाई गई हैं। शो-केस के नीचे रेलवे के विहंगम दृश्य माहौल में विविध रंग भर रहे हैं। गोरखपुर में एक जिला एक उत्पाद के तहत टेराकोटा को मान्यता मिली है। औरंगाबाद के हस्तशिल्पी मानबेला में आयोजित रैली में अपनी कला गोरखपुर के गौरव को प्रदर्शित करेंगे।

वीआइपी गेट पर लगीं टेराकोटा की कलाकृतियां • जागरण

दैनिक जागरण 26/02/2019